उत्तराखंड में बर्फ में दबने से जान गंवाने वाली 2 सगी बहनों के शव लखनऊ पहुंचे

दोनों बेटियां गयी थी घूमने

लखनऊ,। गुरुवार सुबह 10 बजे उत्तराखंड में बर्फ में दबने से जान गंवाने वाली 2 सगी बहनों के शव लखनऊ पहुंचे घर पहुंचे में चीख-पुकार मच गई। पिता फूट-फूटकर रो पड़े। उन्होंने रोते हुए कहा- ये मेरी बेटियां नहीं, मेरा नूर थीं। जिगर का टुकड़ा थीं। जहां जाती थीं, साथ जाती थीं। आज दोनों एक साथ हमें छोड़कर चली गईं। हमें नहीं पता था कि ये दिन भी देखना पड़ेगा। दरअसल, उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर लखनऊ के गायत्रीपुरम में रहने वाली वर्तिका और दीपिका की मौत हो गई थी। दोनों को पहाड़ों पर ट्रेकिंग का शौक था। भारत-नेपाल के कई ट्रेक पूरे कर चुकीं बहनें केदारताल गई थीं। दोनों की तलाश में भाई अतुल वर्मा घरवालों के साथ उत्तरकाशी पहुंचे थे। परिवार को हादसे की जानकारी ट्रेकिंग एजेंसी से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर खबर देखकर मिली थी। लखनऊ के गुडंबा स्थित गायत्रीपुरम में रहने वाले पिता श्रीनारायण वर्मा ने बताया कि दोनों बेटियां कई जगह घूम चुकी थीं। ट्रेकिंग के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी थी, जहां वे न गई हों। इस शौक पर दोनों काफी पैसा खर्च करती थीं। 26 अक्टूबर को दोनों लखनऊ से उत्तराखंड के लिए निकली थीं। ट्रेकिंग दल में कुल 12 लोग थे। 27, 28 और 29 अक्टूबर को 3 दिन का ट्रेक था। 20-25 किलोमीटर का ट्रेक पार कर लिया था। बस 6-7 किलोमीटर ही बचा था। कैंप में कुल 12 लोग थे। 8 को एयरलिफ्ट कर लिया गया, लेकिन चार लोग फंस गए थे। मूलरूप से बाराबंकी के सराय पांडेय में रहने वाले श्रीनारायण वर्मा कृषि विभाग से एक साल पहले रिटायर हुए थे। परिवार में 3 बच्चे हैं। वर्तिका सबसे बड़ी बेटी थी। वह गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। छोटी बेटी दीपिका मल्टीनेशनल कंपनी में ग्राफिक डिजाइनर थी। वर्क फ्रॉम होम के चलते लखनऊ में रह रही थी। दीपिका ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से कोर्स किया था। परिवार में सबसे छोटा बेटा अतुल (25) है। पिता ने बताया कि दोनों बेटियों की अभी शादी नहीं हुई थी। बड़ी बेटी वर्तिका की शादी की बात चल रही थी। दोनों अक्सर कहती थीं, पापा, हम जाएंगे तो आपको बहुत कुछ देकर जाएंगे। यह कहते हुए पिता फफक पड़े। दोनों बहनें 27 अक्टूबर को 7 अन्य ट्रेकर्स और पांच सपोर्ट स्टाफ के साथ गंगोत्री से केदारताल के लिए निकली थीं। 3 दिन का ट्रेक पूरा कर 29 अक्टूबर को लौटना था। इसी बीच मौसम बिगड़ गया। भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के चलते वापसी का रास्ता बंद हो गया और दल के 8 सदस्य फंस गए।30 अक्टूबर को दल के कुछ सदस्यों ने कच्ची ढांग के पास फंसे होने की सूचना ट्रेकिंग एजेंसी को देकर मदद मांगी थी। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। 31 अक्टूबर को सपोर्ट टीम के चार सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बुधवार सुबह तीन शव बरामद हुए, जिनमें दोनों बहनें शामिल थीं। दोनों बहनें दो महीने पहले ही फूलों की घाटी और हेमकुंड साहिब की यात्रा से लौटी थीं। एक साल पहले भाई अतुल और दोस्तों के साथ उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र में केदारकांठा ट्रेक भी किया था। परिजनों ने ट्रेकिंग एजेंसी की भूमिका पर सवाल उठाए। आरोप है कि मौसम खराब होने के बावजूद ट्रेकिंग कराई। एजेंसी ने समय पर परिवार को सूचना नहीं दी। समय रहते पता चलता तो वे तत्काल मदद के लिए पहुंच सकते थे।

डेंगू का प्रकोप जारी, 24 और लोग चपेट में आये

लखनऊ। राजधानी में डेंगू का प्रकोप जारी है। गुरूवार को विभिन्न इलाकों के 24 लोगों में डेंगू पुष्टि हुयी हैं। सर्वाधिक पांच-पांच मरीज चन्दरनगर, इन्दिरानगर व एनके रोड इलाके में मिले हैं। इसके अलावा अलीगंज में चार, सरोजनीनगर में दो, टुड़ियांगज,गुडम्बा व बीकेटी इलाके में एक-एक मरीज मिला है। सीएमओ डॉ.एन.बी. सिह ने बताया कि डेंगू के लक्षण मिलने पर मरीज सरकारी अस्पतालों में जांच करा सकते हैं। यहां डेंगू की जांच मुफ्त उपलब्ध है। मरीजों को इलाज के दौरान जरूरी दवाएं भी मुफ्त दी जा रही हैं।

सी.एम.एस. छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुपम छटा बिखेरी

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'वार्षिक समारोह' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डा. रामकृष्ण स्वर्णकार, आई.पी.एस., ए.डी.जी. पुलिस, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. स्वर्णकार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में नया उत्साह जगाते हैं और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज के नवनिर्माण में उद्देश्यपूर्ण शिक्षा का अहम योगदान है।

के के सी में प्राचार्य प्रो. अखिलेश पांडेय ने कार्यभार ग्रहण किया



लखनऊ-आज जय नारायण महा विद्यालय लखनऊ (के के सी)में लंबे समय के पश्चात एक स्थायी प्राचार्य के रूप में प्रो. अखिलेश पांडेय ने कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय के नवागत प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण करते प्रो. अखिलेश पांडेय ने कहा मेरा संकल्प है कि समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के साथ एक सशक्त शैक्षिक परिवार की भावना से मिलकर कार्य किया जाए।शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक ले जाना, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संस्थागत गरिमा को और अधिक प्रतिष्ठित करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।हमारा प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र न रहकर ज्ञान, संस्कार, नवाचार और व्यक्तित्व निर्माण का उत्कृष्ट केंद्र बने।

महिला से जमीन के नाम पर 16 लाख रुपये हड़पे, मुकदमा

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। पीजीआई इलाके में जमीन के नाम पर महिला से करीब सवा 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। उनकी शिकायत पर डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के आदेश पर पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीजीआई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ निवासी प्रतिमा श्रीवास्तव की तहरीर के मुताबिक उन्होंने एसजे इंफ्रा डेवलपर के चेयरमैन जितेंद्र कुमार यादव के जरिए रणधीर सिंह से 12 जून 2025 को एक हजार वर्गफिट जमीन खरीदी थी। इसके लिए ऑनलाइन और चेक से करीब 16 लाख 21 रुपये भुगतान किया था। बाद में पीड़िता ने जांच की तो खतौनी में महज 150 वर्गफिट जमीन ही थी। कम जमीन दर्ज मिलने पर उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने रजिस्ट्री के शुल्क समेत 18 लाख रुपये लौटाने का भरोसा दिया। उनका आरोप है कि दो जनवरी 2026 को चार लाख रुपये लौटाए, लेकिन बाकी 14 लाख रुपये अब तक नहीं दिए। उनका आरोप है कि आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा।

करामत कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन कालेज के मैनेजर सैयद नावेद अहमद व प्राचार्या प्रो.हुमा ख्वाजा के निर्देशन में

लखनऊ। करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज व मौलाना आज़ाद अकादमी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कालेज के मैनेजर सैयद नावेद अहमद व प्राचार्या प्रो.हुमा ख्वाजा के निर्देशन व मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.शशिकांत पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र विभाग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय व विशिष्ट अतिथि डॉ.अब्दुल कुद्दूस हाशमी महासचिव मौलाना आजाद अकादमी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दुआ से हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं ग़ज़ल प्रस्तुत की तथा भाषण के माध्यम से मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.शशिकांत पाण्डेय व डॉ.अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने संगोष्ठी में मौलाना आजाद की शैक्षिक दृष्टि और विकसित भारत 2047 महिला सशक्तीकरण की भूमिका विषय पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

शाम होते ही अंधेरे में तब्दील हो जाती है गोमती नगर की सड़कें

मार्ग प्रकाश व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे इंजीनियर नगर निगम की लापरवाही पर सीएम कार्यालय नाराज

लखनऊ। दीपावली त्योहार के पहले नगर निगम की मार्ग प्रकाश व्यवस्था अभियंता नहीं संभाल पा रहे हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद गोमती नगर जैसी बीआईपी कॉलोनी की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गयी है। सड़कों का बुरा हाल देखकर मुख्यमंत्री कार्यालय नगर निगम के लापरवाह अफसरों पर नाराजगी जतीयी तो कम्पनी के कर्मियों पर कारखाई और नगर निगम के सम्बंधित अफसरों और अभियंता से स्पष्टीकरण मांग कर कोरम पूरा कर दिया गया। नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आने वाले खरगापुर सरसवा वार्ड के अंतर्गत आधा दर्जन मोहल्लों में लगे स्ट्रीट लाइट के खम्भे शो पीस बनकर खड़े हैं। गोमती नगर विस्तार के अंतर्गत खरगापुर कॉलोनी गोरनखना कॉलोनी, सरस्वतीपुरम, गीतापुरी कॉलोनी, अवधपुरी कॉलोनी,पीली कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है। शाम होते ही सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। इसी वार्ड के अंतर्गत मकदूमपुर गांवों के अंदर और बाहर स्ट्रीट लाइट शो पीस बनी हैं। मार्ग प्रकाश विभाग के अभियंता और ठेकेदार मनचाहा कार्य करते हैं। इसी तरह की व्यवस्था जुराखनपुरवा गांव की है,यहां भी खम्भों पर लगी स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है,मोहल्ले के लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर कोई भी इंजीनियर सुनवाई नहीं करते हैं। मार्ग प्रकाश व्यवस्था के नाम पर अनापशनाप खर्च करने वाले इंजीनियर अपनी जिम्मेदारी की निर्वहन नहीं कर रहे हैं। चिनहट वार्ड के अंतर्गत सतरिख रोड पर स्ट्रीट लाइट के खम्भों पर कहीं लाइट जलती है तो कभी लाइट महीनों बुझी पड़ती है। मल्हौर,लौलाई रोड के दोनो ओर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। राजीव गांधी द्वितीय वार्ड के अंतर्गत विरामखण्ड पांच के कई गलियों में अंधेरा बना रहता है,इसके अलावा विनीत खण्ड की सड़कों पर लगे स्ट्रीट लाइट के खम्भे शोपीस बने हुए हैं।

संक्षिप्त समाचार

चीफ फार्मासिस्ट एस.एम.त्रिपाठी सहित कई चिकित्साकर्मी सम्मानित



लखनऊ। धन्वंतरि सेवा न्यास ने गुरूवार को धन्वंतरि जयंती पर तेलीबाग स्थित राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व केजीएमयू के चेस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सूर्यकांत ने बलरामपुर अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट एस.एम.त्रिपाठी के अलावा विवेक कुमार श्रीवास्तव फार्मासिस्ट, विजय दीक्षित, अल्का यादव,गजानन मिश्र, मुकेश जोशी व श्याम मुरारी सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ ए.के.गुप्ता चेस्ट विभाग, शिवम पांडेय व आदर्श बाजपेई सहित अन्य चिकित्सालयों के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

दो दिवसीय दिव्य दीपावली मेला शुरू प्रमुख सचिव ने किया उदघाटन

लखनऊ। दीपावली पर्व पर दिव्यांगजनों की प्रतिभा, कौशल, रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने तथा उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा दो दिवसीय दिव्य दीपावली मेला-2026 का आयोजन जवाहर भवन इन्दिरा भवन परिसर में किया जा रहा है। जिसका उदघाटन गुरूवार को राजेश कुमार सिंह प्रमुख सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने किया। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह अपर निदेशक, पवन कुमार द्विवेदी मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, रणजीत सिंह संयुक्त निदेशक, अमित कुमार राय उपनिदेशक, सुश्री अनुपमा मौर्य उपनिदेशक व सुशील कुमार बच्चा वित्त एवं लेखाधिकारी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नक्षत्र की प्रस्तुति से जगमगाया वार्षिकोत्सव

लखनऊ। सेंट जोसेफ कॉलेज में वार्षिक समारोह नक्षत्र का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश्वर सिंह रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।समारोह का एक विशेष आकर्षण आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रहा।मुख्य अतिथि डॉ राजेश्वर सिंह ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जिस प्रकार आकाश का प्रत्येक तारा अपनी अलग पहचान और चमक रखता है, उसी प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर भी एक अद्वितीय प्रतिभा विद्यमान होती है।आवश्यकता है केवल उसे पहचानने, निखारने और सही दिशा प्रदान करने की।विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त किया।प्रबंध निदेशिका नम्रता अग्रवाल संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल प्रशासनिक अधिकारी पल्लवी उपाध्याय प्रधानाचार्य चारू खरबंदा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बाइक पर सीट बेल्ट न लगाने का चालान

मोहनलालगंज। मीरखनगर के भैरमपुर निवासी रमेश चन्द्र द्विवेदी की मोटरसाइकिल पर सीट बेल्ट न लगाने के आरोप में चालान किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चालान को गलत बताते हुए सक्षम अधिकारियों से उसे निरस्त करने की मांग की है। पीड़ित रमेश चन्द्र द्विवेदी के मुताबिक, उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 के पी ।6912 का तीन मार्च 2024 को सुल्तानपुर में सीट बेल्ट न लगाने के आरोप में चालान किया गया दर्शाया गया है। जबकि उनका कहना है कि मार्च 2024 में वह सुल्तानपुर गए ही नहीं थे। उन्होंने सवाल उठाया कि मोटरसाइकिल में सीट बेल्ट लगाने की व्यवस्था ही नहीं होती, ऐसे में सीट बेल्ट न लगाने के नाम पर चालान कैसे किया गया।पीड़ित ने इस मामले में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज होने के बाद उन्हें आवेदन संख्या 92615700117135 आवंटित की गई है। साथ ही उन्हें सूचित किया गया है कि उनकी शिकायत निस्तारण के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को भेज दी गई है।पीड़ित ने संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कराकर गलत चालान निरस्त करने की मांग की है।

लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज की प्राचार्या बनी रोमा जोसेफ

लखनऊ। राजधानी के लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में प्राचार्य पद पर प्रोफेसर डॉक्टर रोमा स्मार्ट जोसेफ की तैनाती की गई है। लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में बीते काफी समय से प्राचार्या पद काफी समय से रिक्त था। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रस्ताव पर कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर रोमा स्मार्ट जोसेफ की तैनाती को मंजूरी प्रदान किए जाने के बाद विद्यालय में आज उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ रमा स्मार्ट जोसेफ ने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाए जाने तथा कॉलेज के विस्तार के लिए और अधिक सार्थक प्रयास किए जाने की बात कही।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी का स्वागत

दिलप्रीत सिंह ने संभाला क्षेत्रीय अध्यक्ष का पदभार



लखनऊ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी के अवध क्षेत्र कार्यालय में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा अवध क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह ने निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नईम के माध्यम से विधिवत पदभार ग्रहण किया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुये संगठन को मजबूत बनाने तथा अल्पसंख्यक मोर्चा को अवध क्षेत्र में और अधिक सक्रिय एवं विस्तारित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है इस अवसर पर डा विमल सिंह आमिर अहमद मोहम्मद नईम आनिश खान सुहाना जैन व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

त्रिवेणी प्रसाद दूबे व रमा दुबे की चार पुस्तकों का लोकार्पण

लखनऊ। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था नवसृजन के तत्वावधान में आज अपराह्न हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में साहित्यिक दंपति त्रिवेणी प्रसाद दूबे एवं रमा दूबे की चार पुस्तकों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी पूर्व-सलाहकार सदस्य योजना आयोग एवं वरेण्य अतिथि प्रो डॉ हरि शंकर मिश्र तथा गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल मुख्य वक्ता सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक मंजू सक्सेना डॉ सुधा मिश्रा डॉ शिव मंगल सिंह एवं महेश चन्द्र द्विवेदी पूर्व पुलिस महानिदेशक ने त्रिवेणी प्रसाद दूबे द्वारा लिखित मन मेरा यायावर जैसा गीत संग्रह व सरल सत्य की अद्भुत सुषमा यात्रा वृत्तांत संग्रह एवं दिल सूफियाना हो गया ग़ज़ल संग्रह तथा रमा दुबे द्वारा लिखित रैना बीते ना संस्मरणात्मक उपन्यास का लोकार्पण किया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक मंजू सक्सेना डॉ. सुधा मिश्रा अपने समीक्षात्मक प्रस्तुत किए।

चलती ट्रेन में बच्ची का जन्म



लखनऊ। -चलती ट्रेन में बच्ची का जन्म हुआ मां बेटी सुरक्षित ,। 24 वर्षीय रुखसाना ट्रेन की बोगी में मां बनी ट्रेन नंबर 15065 गोरखपुर पनवेल के जनरल डिब्बे में जन्म हुआ। गोरखपुर से पनवेल जा रही ट्रेन को उन्नाव में रोका ,दोपहर 3-21 पर उन्नाव में बच्ची का जन्म हुआ,जच्चा बच्चा को आरपीएफ की मदद से एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल उन्नाव पहुंचाया गया।

दीपावली और छठ पर लखनऊ में नहीं होगी बिजली कटौती

लखनऊ। लखनऊ में दीपावली से लेकर लोक आस्था के महापर्व छठ तक उपभोक्ताओं को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लखनऊ विद्युत आपूर्ति प्रशासन (लेसा) पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। त्योहारों के दौरान शहर में कहीं भी बिजली कटौती या ट्रिपिंग की समस्या न हो, इसके लिए लेसा के चारों प्रमुख जोनों में अलग-अलग कंट्रोल रूम बना दिए गए हैं और उनके संपर्क नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। हर कंट्रोल रूम में तीन शिफ्टों में अभियंताओं और तकनीकी कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (तकनीकी) हरीश बंसल के निर्देशानुसार, दीपोत्सव के दौरान बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान आने पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक कंट्रोल रूम को चौबीस घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, हर कंट्रोल रूम के साथ एक अतिरिक्त तकनीकी गैंग भी तैनात की गई है, जिसमें तीन कर्मचारी शामिल हैं।

छात्रों ने बिखेरा जलवा

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। महानगर स्थित माउंट कार्मेल कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक स्पोर्ट्स डे यूनीस्पेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल दिनेश कुमार पाठक कमांडिंग ऑफिसर 19 गर्ल्स बटालियन व प्रिंसिपल सिस्टर रश्मिता एसी मौजूद थी।

ई रिक्शा पलटने से प्लाई में दबकर किशोरी की मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। चिनहट में अयोध्या रोड पर बुधवार को प्लाई से लदा बैटरी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शे पर सवार 16 साल की किशोरी प्लाई के नीचे दब गई, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के समय किशोरी अपनी बहन के साथ कमता की तरफ जा रही थी। सूचना पर पहुंची चिनहट पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मूलतः सीतापुर के रामपुर कला थाना क्षेत्र का भेलसपुर गांव निवासी निवासी प्रियंका (16) अपनी बहन निशा के साथ चिनहट के सेमरा स्थित आदर्श एन्क्लेव में रहती थी। वह अपनी बहन निशा के साथ बैटरी रिक्शा पर सवार थी। रिक्शे पर प्लाई लदी हुई थी। प्लाई ऊपर गिरी, मौके पर मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब 4:30 बजे फैजाबाद रोड स्थित आदर्श ढाबे के सामने अचानक रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे उस पर लदी प्लाई नीचे गिरने लगी। प्रियंका ने बचने की कोशिश की, लेकिन प्लाई उसके ऊपर गिर गई। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और मदान पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

प्रथम आमंत्रण

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या

निविदा आमंत्रण सूचना (एस0बी0डी0)

(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

पत्रांकः- 6850/54(1)काम (सीडी-4)-अयो0अ0वृत्त दिनांक - 30.10.2026

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अ0वृ0,लो0नि0वि0, अयोध्या लोक निर्माण विभाग में मार्ग वर्ग में रजिस्टर्ड एवं अनुमोदित ठेकेदारों से आइटम दरों के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

स्वीकृति की प्रत्याशा में

क्र0 सं0	जिला	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी	कार्य सम्पादित करने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधान सभा-रूदौली										
1	अयोध्या	जनपद अयोध्या में रूदौली सैदपुर कामाख्या भवानी मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य	5200.00	52.00	15 माह	2714.00	शा0सं0-28/2023/1556/तेइस-7-2023-176सा/2006 दि0 05.12.2023 के अनुसार	अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0-4, लो0नि0वि0, अयोध्या	अधीक्षण अभियन्ता अयो0अ0वृ0 लो0नि0वि0 अयोध्या	मुख्य अभियन्ता, अ0क्षे0, लो0नि0वि0 अयोध्या

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

1- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोडते हुये लगायी गयी है।

2- निविदा आनलाईन दिनांक 17.11.2026 से दिनांक 25.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.11.2026 को 12.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।

3- शासनादेश संख्या 1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश मे निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

4- निविदा सम्बन्धी अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

(शशि भूषण सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4, लो0नि0वि0, अयोध्या

(ओम प्रकाश वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता,
अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या
For and behalf of Governor of UP

उ0प्र0 260412 दि. 05.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सलोनी माथुर/ रोहित श्रीवास्तव/ LBLUC00002923613	यूनिट नंबर 1103, एबोनी टॉवर, एमआई सेंट्रल पार्क, ग्राम सरसावाँ, अर्जुनगंज, सुल्तानपुर रोड, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226010/ नवंबर 04, 2026	जुलाई 20, 2026 रु. 42,14,088.00/-	लखनऊ

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यॉं) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 06, 2026
स्थान : लखनऊ

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक : 4001/1काम-सु0अ0वृ0/2026-27 दिनांक :- 02.11.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

क्र0 सं0	जिला	कार्य का नाम	आंकलित धनराशि (रु0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी +जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण कराने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	अमेठी	अमेठी ककवा (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 1(250) में अमेठी पुलिस लाइन के सामने आबादी भाग में सी0सी0 मार्ग व जल निकासी हेतु नाला निर्माण का कार्य	240.00	14.00	Rs.2714.00	12 माह	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अमेठी	सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर	अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या
2.	अमेठी	अमेठी धम्मौर मार्ग से रणवीर इण्टर कालेज सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	38.80	3.88	Rs.2714.00	02 माह	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अमेठी	सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर	अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या
3.	अमेठी	बड़गांव पुन्नपुर शीतलागंज सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	64.00	5.20	Rs.2714.00	02 माह	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अमेठी	सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर	अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या

➢ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 13.11.2026 की पूर्वाह्न 9:00 बजे से दिनाँक 21.11.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 21.11.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 21.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी

(हरदयाल अहिरवार)
अधीक्षण अभियन्ता,
सुलतानपुर-अमेठी वृत्तलो0नि0वि0, सुलतानपुर

उ0प्र0 260420 दि. 05.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।